मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/लेखा/पेंशन/परिपत्र/2015-16/2220 भोपाल, दिनांक 16.11.2015

प्रति,

संयुक्त संचालक,
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय.....................(समस्त)

विषयः- **राज्य मण्डी बोर्ड सेवा एवं मण्डी समिति सेवा के अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन निर्धारण का सत्यापन विषयक।**

--00--

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विभागीय निरीक्षण एवं अंकेक्षण आपत्तियों की समीक्षा में पाया गया कि राज्य मण्डी बोर्ड सेवा एवं मण्डी समितियों में पदस्थ कर्मचारियों को विभिन्न वेतनमानों में पुनरीक्षण के पश्चात् वेतन निर्धारण का सत्यापन स्थानीय निधि संपरीक्षा से नहीं कराया गया। ऐसी स्थिति में जहां एक ओर कार्यालय द्वारा त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण होने के फलस्वरूप कर्मचारियों से वसूली की स्थिति निर्मित होती है। साथ ही सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन निर्धारण में अनावश्यक विलम्ब होता है।

अतः अपने कार्यालय एवं अपने अधीन मण्डी समितियों में पदस्थ राज्य मण्डी बोर्ड सेवा एवं मण्डी समिति सेवा के कर्मचारियों को वेतन निर्धारण सत्यापन स्थिति की समीक्षा करें। जिन कर्मचारियों का छटवें वेतनमान तक के वेतन निर्धारण का सत्यापन नहीं हुआ है उनकी सेवा पुस्तिका त्वरित स्थानीय निधि संपरीक्षा कार्यालय से सत्यापन के लिए भेजी जाए। सत्यापन के दौरान ली जाने वाली आपत्तियों का तुरन्त निराकरण करें। वेतन निर्धारण के संबंध में एक अभियान चलाकर दिनांक 30.11.2015 तक अनिवार्य रूप से कराकर संलग्न प्रारूप में संकलित कर 05 दिसम्बर, 2015 तक इस कार्यालय को अवगत करावें।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार प्रारूप

(अरूण पाण्डेय)
प्रबंध संचालक
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बोर्ड/लेखा/पेंशन/परिपत्र/2015-16/ भोपाल, दिनांक .11.2015

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

01. संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, भोपाल। कृपया इस संबंध में अपने अधीनस्थ कार्यालयों को आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।
02. निज सहायक प्रबंध संचालक, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
03. अपर संचालक (स्थापना), म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल की ओर भेजकर लेख है कि बोर्ड मुख्यालय स्तर पर पदस्थ कर्मचारियों की उपरोक्तानुसार समीक्षा कर दिनांक 30.11.2015 तक समस्त प्रकरणों का वेतन निर्धारण के सत्यापन का कार्य पूर्ण कराएं।

प्रबंध संचालक
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

वेतन निर्धारण संबंधी सत्यापन की जानकारी

संभाग का नाम..........................

क्र.	कार्यालय/मण्डी का नाम	कर्मचारियों की संख्या	कर्मचारियों की संख्या 30.11.5015 तक करा लिए	कर्मचारियों की संख्या 30.11.5015 तक जिनका लंबित है।	रिमार्क
01.	02.	03.	04.	05.	06.